दिनांक 18–12–2021

प्रतिवेदन (Report)

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव समूह 2 में ढलियारा महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह युवा महोत्सव गौतम गर्ल्ज़ कॉलेज हमीरपुर में दिनांक 15 दिसम्बर 2021 से 17 दिसम्बर 2021 तक आयोजित किया गया। इस युवा महोत्सव में ढलियारा महाविद्यालय के 12 प्रतिभागियों द्वारा मंडी का सुप्रसिद्ध नृत्य **'नागरी नृत्य'** प्रस्तुत किया गया। नागरी नृत्य का संक्षिप्त विवरण नीचे वर्णित है।

नागरी नृत्य

जिला मंडी का नागरी नृत्य बहुत ही पौराणिक नृत्य है। यह नृत्य मंडी के आस–पास सुन्दरनगर व बल्हघाटी में नाचा जाता है। यह नृत्य महिला प्रधान नृत्य है। यह नृत्य प्राचीन समय से विवाह–शादियों, जन्मदिवस व त्यौहारों आदि के अवसर पर नाचा जाता है। इस नृत्य को मंडयाली नृत्य भी कहा जाता है। इस नृत्य में लड़कियां व औरतें अपनी पारम्परिक वेशभूषा में यह नृत्य करती हैं। औरतें 18 गज का चोलू, कुर्ती, पजामी और दुपट्टा ओढ़ती हैं व साथ ही अपने अनके प्रकार के अलंकार (मांगटिका, झूमके, चंडहार, हाथों में गजरू, पैरों में पायल) पहनते हैं। इस नृत्य में छींज गीत, प्रणय गीत, गिद्धा गीत, घोड़ी गीत, सुहाग गीत, मंडयाली गिद्धा गीत व विवाह शादियों में लाहणी गीत गाए जाते हैं।

प्रस्तुति से पूर्व ढलियारा महाविद्यालय का प्रतिभागी दल

निर्मल सिंह
सहायक आचार्य
संगीत विभाग